आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 14.04.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।
- उत्तराखंड की जी०एस०डी०पी, वित्तीय वर्ष 2024–25 में तीन दशमलव नौ–चार लाख करोड़ रुपए पहुंचने का अनुमान।
- 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना' के लिये पंजीकरण की अंतिम तिथि कल।
- **और,** रुद्रप्रयाग स्थित द्वितीय केदार भगवान मद्‌महेश्वर के कपाट 21 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये जांएगे।

**आंबेडकर जयंती**

राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सहित कई केन्द्रीय मंत्री, सांसद और अन्य गणमान्य लोगों ने आज संसद परिसर में बाबासाहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर स्वतंत्र भारत के पहले विधि और न्याय मंत्री थे। उन्हें वर्ष 1990 में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। आम्बेडकर जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने कई कठिनाइयों के बावजूद एक अलग पहचान बनाई और पूरी दुनिया में सम्मान अर्जित किया। उन्होंने कहा कि वे अद्‌भुत योग्यता वाले और बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी थे। राष्ट्रपति ने कहा कि बाबा साहब महिलाओं और वंचित वर्गों के आर्थिक और सामाजिक अधिकारों के प्रबल समर्थक थे।**

**श्रद्धासुमन अर्पित**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका भावपूर्ण स्मरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उनके सिद्धांतों और मार्गदर्शन से समाज में व्यापक परिवर्तन आया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज के वंचित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिये समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हमें डॉ. आंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देता है।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी की ओर से डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर देहरादून के गढ़ी कैंट क्षेत्र में स्वच्छता और दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भाग लेते हुए संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री जोशी ने डॉ. अंबेडकर को एक युगद्रष्टा, महान विचारक और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक के रूप में स्मरण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने के लिए पूरी जिंदगी संघर्ष किया।

## रूट प्लान

आंबेडकर जयंती के अवसर पर देहरादून में भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा दोपहर दो बजे डीएल रोड से शुरू होकर अम्बेडकर ग्राउंड तक जाएगी। शोभायात्रा का रूट डीएल रोड, बेनी बाजार, सुभाष रोड, पैसेफिक तिराहा, ग्लोब चौक, गांधी पार्क, पल्टन बाजार, राजा रोड, तहसील चौक, दर्शन लाल चौक, लैंसडाउन चौक, कनक चौक, सर्वे चौक, करनपुर बाजार और नालापानी रोड होते हुए अम्बेडकर चौक पर समाप्त होगा।

**पुलिस के अनुसार यात्रा के दौरान यदि यातायात का दबाव बढ़ता है तो कुछ मार्गों पर ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। बेनी बाजार पहुंचने पर बहल चौक से ट्रैफिक ग्लोब चौक की ओर भेजा जाएगा। पैसेफिक तिराहा पर यात्रा पहुंचने पर कनक चौक से पैसेफिक तिराहे की ओर जाने वाले वाहनों को ओरियंट चौक या सर्वे चौक की ओर मोड़ा जाएगा। ग्लोब चौक से घंटाघर जाने वाला ट्रैफिक पैसेफिक तिराहा की ओर डायवर्ट होगा। घण्टाघर पहुंचने पर दर्शन लाल चौक और ओरियंट चौक से घंटाघर की ओर ट्रैफिक नहीं जाने दिया जाएगा।**

**राजा रोड पर यात्रा पहुंचने पर प्रिंस चौक से तहसील की ओर जाने वाले वाहन चंदन नगर की ओर भेजे जाएंगे। तहसील चौक पर ट्रैफिक को द्रोण कट से आईजी कट होते हुए दून चौक की ओर मोड़ा जाएगा। दर्शन लाल चौक, लैंसडाउन चौक और कनक चौक की ओर भी यातायात प्रतिबंधित रहेगा। करनपुर बाजार पहुंचने पर सर्वे चौक से आने वाले ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा और यात्रा के समापन के बाद सभी मार्ग सामान्य कर दिए जाएंगे।**

**पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि शोभायात्रा के मार्ग से बचते हुए वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करें।**

## सकल घरेलू उत्पाद

उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद– जी०एस०डी०पी में हर साल बढ़ोतरी हो रही है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 में प्रदेश की जीएसडीपी जहाँ दो दशमलव सात–चार लाख करोड़ रुपये रही, वहीं 2024–25 में इसके तीन दशमलव नौ–चार लाख करोड़ रुपये तक पहुँचने का अनुमान है।

सरकार का कहना है कि यह आर्थिक वृद्धि, प्रदेश की तरक्की का प्रतीक है और 'सशक्त और समृद्ध उत्तराखण्ड' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है।

7 डेस्क

## पंजीकरण अंतिम तिथि

उत्तराखंड सरकार की 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत पंजीकरण की कल अंतिम तिथि है। पूर्व में पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च थी, लेकिन इस बढ़ाकर पन्द्रह अप्रैल किया गया। राज्य के 14 से 23 वर्ष के उदीयमान खिलाड़ी खेल विभाग की वेबसाइट khelouk.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत हर जिले से कुल दो सौ छात्रों का चयन किया जाएगा, जिसमें सौ बालक और सौ बालिकांए शामिल होंगी।

योजना के तहत चयनित खिलाड़ियों को प्रतिमाह दो हजार रुपए की छात्रवृत्ति और खेल उपकरणों की खरीद के लिए साल में एक बार दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। चयन प्रक्रिया बैटरी टेस्ट के माध्यम से की जाएगी।

पात्रता के लिए आवेदक का उत्तराखंड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है और उसकी आयु 14 से 23 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन के साथ आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर और पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से अपलोड करने होंगे।

13 डेस्क

## दुर्घटना

उत्त्तरकाशी जिले की बड़कोट तहसील के अंतर्गत चामी बर्नीगाड के पास एक पिकअप के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन परचून का सामान लेकर मोरी जा रहा था।

3 पीटीसी उत्तरकाशी

**तिथि निर्धारण**

रुद्रप्रयाग स्थित द्वितीय केदार भगवान मद्दमहेश्वर के कपाट 21 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये जांएगे। पंचकेदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ में पंचांग गणना के बाद मद्दमहेश्वर मंदिर के कपाट खोलने की तिथि तय की गई। वहीं, 2 मई को खुलेंगे तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ मंदिर के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिये खोल दिये जांएगे।

इस बीच, उत्तरकाशी जिले में स्थित मां यमुना के मायके में स्थित शनिदेव महाराज सोमेश्वर महाराज मंदिर के कपाट आज श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर विशेष पूजा अर्चना विधि–विधान के साथ मंदिर के द्वार खोले गए। तीर्थ पुरोहित मनमोहन उनियाल, सोमेश्वर महाराज के पुजारी संतोष उनियाल ने बताया कि दोपहर में डोली, मंदिर के गर्भ गृह से बाहर आएगी।

10 डेस्क

**दीक्षांत समारोह**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्था– एम्स ऋषिकेश का पांचवां दीक्षांत समारोह कल आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

समारोह के बाद केंद्रीय मंत्री एयरोमेडिकल सेवाओं का निरीक्षण करेंगे और ट्रॉमा सेंटर में पिक्चर आर्काइविंग एंड कम्युनिकेशन सिस्टम का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा एम्स ऋषिकेश में पैट–सीटी सुविधा और सेंटर फॉर एडवांस्ड पीडियाट्रिक्स का लोकार्पण भी किया जाएगा, जो उन्नत बाल चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा।

कार्यक्रम के दौरान आयुष भवन में एकीकृत चिकित्सा विभाग, आयुष एकीकृत कल्याण पथ और योग स्टूडियो का उद्घाटन भी किया जाएगा।

**प्रयास**

उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री–गोमुख ट्रेक को खोलने के प्रयास लगातार जारी हैं। शून्य डिग्री तापमान में भी करीब 15 श्रमिक ग्लेशियर को काटकर मार्ग खोलने में जुटे हुए हैं। पार्क प्रशासन का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो जल्द ही गोमुख ट्रेक पर आवाजाही शुरू करवा दी जाएगी।

गौरतलब है कि गंगोत्री नेशनल पार्क के गेट पहली अप्रैल को पर्यटकों और पर्वतारोहियों के लिए खोल दिये गये थे। गरतांग गली और नेलांग घाटी के लिए पर्यटक पहुंच रहे हैं, लेकिन गोमुख और केदारताल

ट्रेक पर भारी बर्फबारी के कारण विशाल ग्लेशियर जमा हैं, जिससे इन मार्गों पर आवाजाही संभव नहीं हो पाई है।

ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम लगातार खराब है, जिससे मार्ग खोलने में दिक्कत आ रही है। मशीनें न पहुंच पाने के कारण श्रमिकों को ही हाथों से मार्ग खोलना पड़ रहा है। रेंज अधिकारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि कनखू बैरियर से आगे नालों पर क्षतिग्रस्त लकड़ी की दो पुलिया तैयार कर दी गई हैं और बाकी स्थानों पर कार्य प्रगति पर है।